दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-14, अंक-114 शनिवार 26 अप्रैल, 2025, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

# अगवाल कॉलेज में चल रहे रेड क्रॉस पशिक्षण शिविर में सिखाए गए रोड सेफ्टी के नियम

बल्लभगढ़, 25 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा स्टेट ब्रांच,चंडीगढ़ के सौजन्य से अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर चल रहा है, यह शिविर 22 से 26 अप्रैल तक चलेगा।



शिविर के आयोजन का श्रेय अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधानव अग्रवाल कॉलेज के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता व महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता को जाता है, उनका उद्देश्य समाज में फैल रही बीमारियों व कुरीतियों के लिए युवा विद्यार्थियों को जागरूक करना है, जिससे युवा सामाजिक कल्याण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके क्योंकि युवा शक्ति से ओत-प्रोत होते हैं और क्यों न उनकी शक्ति का सदुपयोग कर सके। गौरतलब है कि इस शिविर में जिला फरीदाबाद के रेड क्रॉस के सचिव बिजेंद्र सिंह सोरोत, जिला प्रशिक्षण अधिकारी इशांक कौशिक व डिप्टी सुप्रिटेंडेंट पुरुषोत्तम सैनीअपना संपूर्ण योगदान दे रहे हैं। 25 अप्रैल को शिविर के चौथे दिन रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य व प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षक दर्शन भाटिया ने बेहोश व्यक्ति को सीपीआर देने के नियमों व लाभों की जानकारी प्रदान की और बताया कि हम कैसे सीपीआर के सही ज्ञान से किसी मरते हुए व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। अग्रवाल कॉलेज के इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष, कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस पूर्व कोऑर्डिनेटर व कार्यकारी प्राचार्य डॉ० जयपाल सिंह ने रोड सेफ्टी के नियमों की विस्तृत जानकारी स्वयंसेवकों को दी।

उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि रोड पर लापरवाही से चलने के कारण कैसे एक परिवार की खुशियां नष्ट हो जाती हैं और सारा परिवार गम के सागर में डूब जाता है। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर स्वयंसेवकों को फिल्म भी दिखाई कवही कॉलेज के पर्यावरण विषय के प्रवक्ता श्री लवकेश ने जल प्रदूषण के कारणों, हानिकारक प्रभावों व जल संरक्षण की विस्तृत जानकारी स्वयंसेवकों को दी। उन्होंने बताया की कैसे मानव स्वयं जल को प्रदूषित करके अपने व अपनों के जीवन को संकट में डाल रहा है व महंगी पानी की बोतलों पर धन व्यर्थ कर रहा है। आज नशा मुक्ति व स्वच्छता को लेकर एक रैली का आयोजन भी किया गया। "सुनरी चाचीसुनले ताई,आसपास की रखो सफाई " और "जो नशे को हर आएगा, वही वीर कहलाएगा" जैसे नारों से शहर गुंजायमान हो गया। अंत में श्री सुभाष (क्विज मास्टर) ने सभी प्रतिभागी कॉलेजों की यूथ रेड क्रॉस से संबंधित विषयों पर प्रश्नोत्तरी आयोजित कराई। इस शिविर में फरीदाबाद जिले के लगभग 50 स्वयंसेवक व काउंसलर भाग ले रहे हैं ' इस अवसर पर कैंप कोऑर्डिनेटर पूजा, व अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की काउंसलर कविता अहलावत आदि भी उपस्थित रहे।

होड़ल में सत्यजय टाईम्स हिन्दी दैनिक

समाचार पत्र प्राप्त करने एवं समाचार, विज्ञापन बेदखली, जमीन-जायजाद संबंधित, नाम परिवर्तन, सार्वजनिक सूचना, नगर परिषद संबधी सभी प्रकार के सस्ते रेट पर विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।

अग्रवाल न्यूज एजेंसी

सम्पर्क सूत्र -

अमित अग्रवाल

+919254588483, +9197282 84058